## उत्कृष्ट विद्यालय में अव्यवस्थाओं को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

### ज्ञापन लेने नहीं आई प्राचार्य तो नाराज छात्रों ने किया चक्काजाम





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) खकनार इकाई द्वारा आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में व्याप्त विभिन्न शैक्षणिक और बुनियादी अव्यवस्थाओं के निराकरण हेतु एक उग्र प्रदर्शन किया गया। छात्र विद्यालय परिसर में बुनियादी सुविधाओं की कमी और लचर प्रशासनिक रवैये के खिलाफ ज्ञापन सौंपने पहुंचे थे।

कार्यकर्ताओं ने बताया कि वे विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्राचार्या को ज्ञापन सौंपने के लिए कड़ी धूप में लगभग 1 घंटे तक स्कूल के बाहर शांतिपूर्वक खड़े रहे और प्राचार्या को बाहर आकर छात्रों की सुध लेने का आग्रह किया। किंतु प्राचार्या के संवेदनहीन और अड़ियल रवैये के कारण वे छात्रों से मिलने बाहर नहीं आई।

प्राचार्या के इस गैरजिम्मेदाराना व्यवहार से आक्रोशित होकर नगर मंत्री आदर्श पाटिल एवं एबीवीपी कार्यकर्ताओं और आम छात्र.छात्राओं ने स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर बैठकर उग्र प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और प्रशासन को मौके पर आना पड़ा।

एबीवीपी के जिला संयोजक मुकेश जी शिंदे ने बताया कि उत्कृष्ट विद्यालय में लंबे समय से छात्र कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिन पर प्रबंधन लगातार आंखें मूंदे बैठा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगें उठाई गई थीं।

**समय-सारणी की अनिश्चितता:-** विद्यालय में कक्षाओं के लगने का समय और कालखंड ;पीरियड्स पूरी तरह अनियमित हैं, जिससे छात्रों का कीमती समय बर्बाद हो रहा है।

**स्टाफ की भारी कमी:-** विद्यालय में पर्याप्त शिक्षकों और सहायक स्टाफकी कमी के कारण कई महत्वपूर्ण विषयों के नियमित लेक्चर नहीं लग पा रहे हैं।

**पेयजल की गंभीर समस्या:** विद्यार्थियों के लिए परिसर में शुद्ध और पर्याप्त पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। लगे हुए वाटर कूलर भी बंद पड़े हैं। कंप्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास की दुर्दशा: कंप्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास केवल दिखावा बनकर रह गए हैं। नियमित व्याख्याता ;शिक्षक न होने से छात्र कंप्यूटर ज्ञान से वंचित हैं।

**विज्ञान प्रयोगशालाओं की बदहाली:-** बायो, केमिस्ट्री और फिजिक्स लैब में नियमित कक्षाएं नहीं लग रही हैं। वर्तमान में केवल हिंदी और केमिस्ट्री के ही कुछ लेक्चर लग पा रहे हैं, बाकी विषय पूरी तरह उपेक्षित हैं।

विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि चार दिन समय रहते इन सभी समस्याओं का स्थायी निराकरण नहीं किया गया और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद नहीं हुआए, तो आगामी दिनों में इससे भी अधिक उग्र और उग्र आंदोलन किया जाएगाए जिसकी समस्त जिम्मेदारी विद्यालय प्रशासन और स्थानीय प्रबंधन की होगी।

## तहसील और एसडीएम कोर्ट की समस्याओं पर अधिवक्ता संघ मिला कलेक्टर से



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** यह देखने में आता है कि समय समय पर कलेक्टर बुरहानपुर के द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों के मध्य राजस्व प्रकरण संबंधी कार्य का विभाजन कर तो दिया जाता है, मगर उसकी कोई लिखित सूचना अधिवक्ता संघ तक नहीं पहुंचने के कारण राजस्व न्यायालय में पैरवी कर रहे वकीलों को काफी परेशानी और असुविधा का सामना करना पड़ता है, इसलिए बहुत आवश्यक है कि यदि जिला दंडाधिकारी द्वारा राजस्व न्यायालय के कार्य का विभाजन अधीनस्थ अनुविभागीय अधिकारी, एडीएम अथवा तहसीलदार और नायब तहसीलदार के मध्य किया जाता है तो उसकी विस्तृत जानकारी का पत्र जिला अधिवक्ता संघ को समय के साथ प्रेषित किया जाना चाहिए।

यह बात अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण वाघ और सचिव एडवोकेट संतोष देवताले ने आज कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी हर्ष सिंह से उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट कर वकीलों को आ रही असुविधा से अवगत कराया।

इस अवसर पर अधिवक्ता राजेन्द्र शाह और भागवत प्रजापति ने भी सर्टिफाइड कॉपी प्राप्त करने में लग रहे अनावश्यक शुल्क तथा सत्यापित प्रति प्रदान करने में हो रही देरी के विषय को लेकर भी समस्या से अवगत कराया। इसके साथ ही साथ एसडीएमण् कोर्ट में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के प्रकरणों में जमानत की तस्दीकए वास्ते पक्षकार और अधिवक्ताओं को शाम 6 बजे से 6. 30 बजे तक प्रतीक्षा करना पड़ता है, इसलिए इसका समय भी सुनिश्चित होना चाहिए। संघ के अध्यक्ष और सचिव द्वारा रखी गई सभी समस्याओं को कलेक्टर हर्ष सिंह ने गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया है कि वे अतिशीघ्र अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक में वकीलों को हो रही असुविधा और परेशानी के इन सभी विषयों पर विचार विमर्श कर समुचित निर्देश पारित करेंगे। संघ के सचिव देवताले ने कलेक्टर हर्ष सिंह को वकीलों के बीच आपसी संवाद और सौजन्य भेंट के लिए भी आमंत्रित किया। आपने आगामी सप्ताह में न्यायालय में वकीलों से सामुहिक चर्चा के लिए आने की स्वीकृति भी प्रदान की है।

## आज आर्य समाज मंदिर बुरहानपुर में साप्ताहिक यज्ञ और सतसंग



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** आर्य समाज की प्रधान आदरणीय डॉ मालती जी प्रजापति ने विधार्थियो को बताया कि कोई भी कार्य करने में चार बातो का होना आवश्यक हैए ;1द्ध तपए ;2द्धब्रम्हचर्यए ;3द्ध विद्याए ;4द्ध श्रद्धा इनके ना होने से कार्य पूर्णत: संभव नहीं होता।

आचार्य नरेंद्र जी आर्य ने विधार्थियो को बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी महाराज का जन्म आज से लगभग नौ लाख पचास हजार वर्ष पूर्व हुआ था, इसलिए हमें श्री रामचंद्र भगवान के जीवन को समझने के लिए तत्कालीन ऋषियों के ग्रंथो को पढ़ना आवश्यक है, और उस समय महर्षि वाल्मीकि जी की रामायण ज्यादा सार्थक है ना कि लाखों साल बाद लिखें गए ग्रन्थ। इसलिए हमें सोच समझ के, विवेक से ग्रंथो को पढ़ना चाहिए।

आर्य प्रतिनिधि सभा म.प्र. एवम विदर्भ के उप. प्रधान आदित्य प्रजापति ;आर्य ने बताया कि आर्य समाज मंदिर में प्रति रविवार को साप्ताहिक हवन एवम यज्ञ संपन्न होता है, बच्चों को वेदो एवं शास्त्रों के बारे बताया जाता है, आर्य समाज के आचार्य श्री नरेंद्र आर्य बच्चों के शारीरिक सौष्ठव से लेकर बच्चों के मानसिक विकास पर कार्य कर रहे है। उन्होंने अपील की है कि जो भी माता.पिता अपने बच्चो को सँस्कारित करना चाहते है वे प्रति रविवार प्रात बच्चों के साथ स्वयं भी आ सकते है। साप्ताहिक यज्ञ में मंत्री विजय अयरे, नीतिप्रकाश सहगल, अशोक करवा, रजनी प्रजापति, अशोक महाजन आदि उपस्थित थे।

## पानी सुरक्षित और पीने योग्य



**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** नगर परिषद् शाहपुर द्वारा नगरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर में प्रदाय किए जा रहे पेयजल के विभिन्न स्त्रोतों एवं वितरण स्थलों से समय.समय पर जल के नमूने, सैंपल लेकर निकाय के प्रयोगशाला में गुणवत्ता जांच कराई जाती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर परिषद् द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों से पेयजल के नमूने एकत्रित कर निकाय की प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया एवं जारी जांच प्रतिवेदन के अनुसार सभी नमूने निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाए गए हैं तथा नगर परिषद् द्वारा प्रदाय किया जा रहा पेयजल सुरक्षित एवं पीने योग्य है। नगर परिषद् शाहपुर द्वारा जल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए नियमित रूप से जल स्त्रोतों की निगरानी एवं ओवरहेड टंकियों की साफसफाईए पाइपलाइन का रख. रखाव तथा आवश्यकतानुसार क्लोरीनेशन का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है।

## वॉटर फिल्टर प्लांट का पानी शुद्ध और गुणवत्तायुक्त : निगमायुक्त श्रीवास्तव



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर निगम अंतर्गत वॉटर फिल्टर प्लांट से संबंधित सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के संबंध में सही वस्तु स्थिति की जानकारी लेने पहुचे पत्रकारो को प्लान्ट प्रभारी नगीन महाजन ने बताया कि ,जो विडियों सफाई के दौरान का सोशल मिडिया पर चलाया गया उससे भ्रामक स्थिति बनी जबकि वह सफाई के दौरान का था। आज आप देख सकते है कि पानी की शुद्धता कैसी है। पत्रकारो को अवलोकन कराते हुवे इस वॉटर फिल्टर प्लांट कि पुरी प्रोसेस को अधिकारीयों ने समझाया।

आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव से चर्चा करने पर उन्होने भी स्थिति साफ करते हुवे यहि बात बताई कि वॉटर फिल्टर प्लांट पर चल रही वर्षा के कारण पानी में गाद को सफाई का विडियों सोशल मिडिया पर जारी करने से जो भ्रामक स्थिति बनी ऐसा कुछ नही है ,पानी बिल्कुल शुद्ध और पीने लायक है। शहर में पानी की सप्लाई इसी टीटमेन्ट प्लांट से शहर की 12 टंकियों के माध्यम से पहुचाया जाता है। इस महत्ती योजना का लाभ शहर की जनता के लिए एक सौगात रही है। लगभ्र 42 हजार से अधिक उपभोक्ता शुद्ध जल का सेवन कर रहे है।



## एक नजर में

### भाजपा युवा नेता दुर्गेश शर्मा जिला प्रभारी नियुक्त



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी के निर्देश पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.नोज माने ने भाजपा युवा नेता दुर्गेश शर्मा को प्रतिमाह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का जिला प्रभारी नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल प्रशिक्षण अभियान में शर्मा को जिला सह.संयोजक की जिम्मेदारी दी गई थी। बुरहानपुर जिले में प्रशिक्षण कार्य को प्रदेश कार्यालय से सराहना मिली थी। इसी उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उन्हें मन की बात कार्यक्रम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपरोक्त जानकारी देते हुवे भाजपा जिला मिडिया प्रभारी मुकेश कुमार पुर्वे ने बताया कि श्री शर्मा की नियुक्ति पर भाजपा के जनप्रतिनिधियों, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करेंगे। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जन.जन को जोड़कर संगठन की मंशा के अनुरूप कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन करेंगे।

### रोटरी क्लब बुरहानपुर प्राइम ने किया पौधारोपण




**बुरहानपुर।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए रोटरी क्लब बुरहानपुर प्राइम द्वारा मोहना संगम बुरहानपुर क्षेत्र में दि 12 जुलाई को वृक्षारोपण किया गया। क्लब द्वारा विशेष रूप से छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के लिए प्रोजेक्ट चेयरमैन नये सदस्य रो.किरण पाटील थे। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष रो गेंदालाल प्रजापति सपत्नीक, सचिव रो प्रवीण चापोरकर, कोषाध्यक्ष रो दिपक कुमार सलुजा, रो जगदीश गुप्ता, रो संतोष महाजन, रो मनोहर सिंह किरार, रो राजीव सोनी, रो मनोज शाह, रो कमल बत्रा, रो किरण पाटील, रो मुद्रेका अब्बासए रो मिनाक्षी महाजन उपस्थित रहें।



### दिगम्बर जैन मुनि के आगमन पर कलश यात्रा

**बुरहानपुर।** परम पूज्य सन्तशिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सुशिष्य परम पूज्य मुनि श्री कुन्थुसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री अटलसागर जी महाराज का आज प्रात: बुरहानपुर में आगमन हुआ। दिगम्बर जैन मुनिसंघ की अगवानी श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष. पवनकुमार जैन ठोलिया, श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के ट्रस्टी. किरण जैन हुमड़, डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती, दिलीप जैन पहाड़िया, वीरेन्द्र जैन बड़जात्या, संदीप जैन ठोलिया, संतोष जैन, दिलीप कासलीवाल, पंकज कासलीवाल, अरविन्द जैन, आकाश जैन, संदेश जैन, विशाल जैन, महावीर सोनी, कैलाश पाटौदी आदि ने किया। श्रीमती उषा जैन, सुनीता जैन, मंजु पहाड़िया, ज्योति पहाड़िया, प्रिया पहाड़िया, इन्द्रा जैन आदि महिलाओं ने मंगल कलश लेकर अगवानी की।

## महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष परांजपे कल आएंगीं



### कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने भाजपा कार्यालय पर बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** संगठन की सफलताए कार्यकर्ताओं की सक्रियता और मातृशक्ति की सहभागिता ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.श्री मनोज जी माने ने महिला मोर्चा की बैठक में कही।

इसी उद्देश्य के साथ आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, बुरहानपुर में आगामी 15 जुलाई को मध्य प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे जी के प्रस्तावित बुरहानपुर प्रवास एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक ली। यह कार्यक्रम 15 जुलाई 2026 को राजस्थानी भवन बुरहानपुर में दोपहर 3 बजे आयोजित किया गया हे। इस दौरान आप जनपद पंचायत कार्यालय परिसर बहादरपुर रोड में वृक्षारोपण एवं लालबाग रोड स्थित डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी नेत्र चिकित्सालय परिसर में श्यामप्रसाद मुखर्जी जी की प्रतिमा स्थल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण भी करेंगी। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संगठनात्मक दायित्वों का निर्धारण किया तथा कार्यक्रम को भव्यए सुव्यवस्थित एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। पूर्ण विश्वास है कि सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं सामूहिक प्रयासों से यह आयोजन संगठन की गरिमा के अनुरूप ऐतिहासिक एवं सफल होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सावित्री बत्रा, श्रीमती करुणा भट्ट , श्रीमती संध्या कटवाने एश्रीमती अंजलि गड़े, श्रीमती साधना पवार, श्रीमती सुवर्णा पाटिल, श्रीमती मंजुला महाजन ,श्रीमती प्रियंका सातारकर, श्रीमती अर्चना पाटिल, श्रीमती कल्पना दलाल ,श्रीमती रतन बारी, श्रीमती आशा ऊपरिया, श्रीमती लता बारी, सुश्री सुनीता बाजपेई ,श्रीमती नीमा पीलिया ,श्रीमती रीना महाजन आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर सिंह ने समय-सीमा बैठक में विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा की



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान के अंतर्गत विभागवार लक्ष्य की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को सुरक्षित एवं उपयुक्त स्थलों पर पौधरोपण सुनिश्चित करने तथा पौधों के संरक्षण की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

वर्षाकाल को देखते हुए उन्होंने बाढ़ आपदा प्रबंधन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने संवेदनशील क्षेत्रों एवं जलभराव वाले स्थानों पर चेतावनी एवं संकेतक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड पर संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार और थाना प्रभारी का मोबाइल नंबर भी अंकित किया जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में नागरिक तत्काल सूचना दे सकें। जल संसाधन विभाग से तालाबों एवं बैराजों की नियमित निगरानी तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी कही गयी।

कलेक्टर श्री सिंह ने नगर निगम को जर्जर भवनों के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रखनेए शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समय.सीमा में निराकरण करने के लिए कहा। बैठक में परख रिपोर्ट के बिंदुओं की भी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जांच एवं उपचार की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने रेबीज रोधी टीकों एवं अन्य आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए डॉग बाइट के मामलों में त्वरित उपचार एवं प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगमए पशुपालन विभाग को समन्वय के साथ कार्यवाही तेज करने के लिए कहा गया। शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के स्कूलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में सुधार तथा विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाने का कार्य समय.सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने शाहपुर में वरिष्ठों, समाज प्रमुखों और कार्यकर्ताओं से की मुलाकात





**नवभारत न्यूज, शाहपुर।** खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने शनिवार को शाहपुर नगर में वरिष्ठजनों, समाज प्रमुखो, जनप्रतिनिधियों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचकर आत्मीय भेंट की। इस दौरान उन्होंने सभी का कुशलक्षेम जानाए पारिवारिक सदस्यों से आत्मीय संवाद किया तथा क्षेत्र के विकासए सामाजिक समरसता और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। सांसद श्री पाटील ने कहा कि वरिष्ठजनों का आशीर्वादए समाज के प्रबुद्धजनों का मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही जनसेवा की सबसे बड़ी शक्ति है। जनता के बीच निरंतर पहुंचकर उनकी भावनाओं और अपेक्षाओं को समझना उनकी प्राथमिकता है तथा क्षेत्र के विकास के लिए वे सदैव प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर सांसद पाटील ने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज महाजन एवं रामभाऊ सोनवण, मराठा समाज अध्यक्ष सुभाष बुनगाल, भोंई समाज प्रमुख त्र्यम्बक भोंई, पूर्व पार्षद एवं समाज प्रमुख अर्जुन रामदास ढ़ोले, वरिष्ठ कार्यकर्ता मिठाराम येवले, भाजपा कार्यकर्ता विशाल हांडगे, पार्षद अशोक निकम, जैन समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र जैन, माली समाज अध्यक्ष गणेश दादाराव महाजन, राजपूत समाज प्रमुख अजय दरबार, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती साधना विरेंद्र तिवारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता केशव बंड, पांडुरंग आमोदे तथा वासुदेव तायडे से उनके निवास पर पहुंचकर आत्मीय मुलाकात की।

**कार्यकर्ताओं ने किया सांसद का सम्मान भी** :- भेंट के दौरान सभी ने सांसद पाटील का आत्मीय स्वागत किया तथा क्षेत्र के विकास एवं जनहित में किए जा रहे उनके प्रयासों की सराहना की। सांसद श्री पाटील ने सभी से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से सुना और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहने का विश्वास दिलाया। इस दौरान पूर्व विधायक रामदास शिवहरे, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप श्रॉफ, आदित्य प्रजापति, दीपक वाभले आदि मौजूद रहे।

**एक नजर** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस के प्रयासों से हो सकेंगे विकास कार्य

## तारापाटी बैराज के विशेष मरम्मत कार्यों को मिली 1 .96 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों के फलस्वरूप मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा तारापाटी बैराज के विशेष मरम्मत कार्यों के लिए 1 करोड़ 96 लाख 82 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शासन द्वारा स्वीकृति आदेश जारी होने के साथ ही लंबे समय से लंबित इस महत्वपूर्ण कार्य के शीघ्र प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने बताया कि वर्ष 2023 में 22 से 24 अगस्त के दौरान हुई रिकॉर्ड अतिवृष्टि से बुरहानपुर जिले के कई बैराजों को भारी क्षति पहुँची थी। इसके कारण उनकी जल संग्रहण क्षमता प्रभावित हुई और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। किसानों की इस गंभीर समस्या को देखते हुए उन्होंने लगातार मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादवए जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं विभागीय अधिकारियों के समक्ष विषय उठाकर क्षतिग्रस्त बैराजों की मरम्मत के लिए आवश्यक वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जिले के क्षतिग्रस्त बैराजों के पुनर्स्थापन के लिए चरणबद्ध रूप से प्रशासनिक स्वीकृतियां प्रदान की जा रही हैं। इसके पूर्व वर्ष 2023 की अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त बैराजों के विशेष मरम्मत कार्यों हेतु 2 करोड़ 92 लाख 21 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थीए जिसके अंतर्गत मोहना नदी पर निर्मित बोदरली बैराजए रायसेना बैराजए खोखरी बैराज क्रमांक.02 एवं रेहटा.नीमगांव बैराज के विंग वॉल तथा रिटर्निंग वॉल के अतिरिक्त निर्माण एवं विशेष मरम्मत कार्य स्वीकृत किए गए थे। इसके उपरांत बख्खारी बैराज के विशेष मरम्मत एवं पुनर्स्थापन कार्यों के लिए 2 करोड़ 84 लाख 34 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। अब नवीन स्वीकृति के तहत तारापाटी बैराज के विशेष मरम्मत कार्यों के लिए 1 करोड़ 96 लाख 82 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से जिले के क्षतिग्रस्त सिंचाई ढांचे के पुनर्स्थापन कार्य को और गति मिलेगी। विधायक चिटनिस ने कहा कि तारापाटी बैराज के विशेष मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद इसकी जल संग्रहण क्षमता पुन: बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा।

इससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होने के साथ.साथ जल संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी तथा किसानों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा जिले की सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए लगातार स्वीकृतियां प्रदान की जा रही हैं। आने वाले समय में अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों को भी स्वीकृति मिलने से बुरहानपुर जिले की सिंचाई व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शासन के सहयोग से जिले की सिंचाई परियोजनाओं को निरंतर मजबूती मिलेगी और किसानों को इसका व्यापक लाभ प्राप्त होगा।